अंतरिक्ष शिक्षक
के लिए
अवसर की घोषणा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)
अंतरिक्ष विभाग,
अंतरिक्ष भवन , न्यू बीईएल रोड,
बेंगलुरु - 560 094.

अंतरिक्ष शिक्षक

1. परिचय

बदलते समय के साथ, इसरो को अंतरिक्ष क्षेत्र में समृद्ध ज्ञान के प्रसार को सुनिश्चित करने हेतु एक सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में, कई गैर-सरकारी संगठनों/शैक्षणिक संस्थानों ने अपना स्वयं का ढाँचा तैयार किया है, जिसमें इच्छुक छात्रों को उनके साथ पंजीकरण कराने और अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इनमें से कई एजेंसियों के पास "मॉड्यूल" हैं, जिनमें नियमित कक्षा पाठ्यक्रम के साथ-साथ किताबें और प्रयोगशाला संबंधी कार्य मौजूद हैं। इसके अलावा, डिजिटल सामग्री निर्माता और ऑनलाइन शिक्षक भी हैं जो सोशल मीडिया और मोबाइल अनुप्रयोगों का उपयोग करके कक्षाओं को आभासी बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

यह अवसर की घोषणा उन गैर-सरकारी संगठनों/शैक्षणिक संस्थानों को आमंत्रित करने का लक्ष्य रखती है, जो पूर्णतः एसटीईएम (STEM) शिक्षा और उसके प्रसार में संलग्न हैं तथा जिनका कोई व्यावसायिक लाभ प्राप्ति का उद्देश्य नहीं है। इस पहल के माध्यम से, ऐसे संस्थानों को अंतरिक्ष शिक्षा के प्रचार-प्रसार और अंतरिक्ष गतिविधियों एवं उनके अनुप्रयोगों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु इसरो के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवोन्मेषी सोच की संस्कृति को प्रोत्साहित किया किया जा सके।

2. पंजीकरण प्रक्रिया

इच्छुक गैर-सरकारी संगठन/ संस्थान इस अवसर की घोषणा के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप के अनुसार आवश्यक विवरण भरकर, सीबीपीओ (CBPO) को एक प्रस्ताव भेज सकते हैं, जिसमें अपने संगठन की रूपरेखा तथा एसटीईएम (STEM) गतिविधियों में सहभागिता की प्रस्तावित योजना का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। इसरो प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन करेगा करेगा और पात्रता मानदंड के आधार पर उपयुक्त गैर-सरकारी संगठनों /संस्थानों का चयन करेगा। चयनित गैर-सरकारी संगठनों /संस्थानों को पंजीकृत स्पेस ट्यूटर के रूप में इसरो के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना होगा। प्रस्ताव को संलग्न प्रारूप के अनुसार निम्न पते पर भेजा जा सकता है।

निदेशक,
क्षमता निर्माण कार्यक्रम कार्यालय (सीबीपीओ),
अंतरिक्ष भवन , न्यू बीईएल रोड, बेंगलुरु-560094
ईमेल: dir.cbpo@isro.gov.in

3. नियम और शर्तें

- केवल वे गैर-सरकारी संगठन/शैक्षणिक संस्थान, जो पूर्णतः एसटीईएम शिक्षा एवं उसके प्रचार-प्रसार में संलग्न हैं, आवेदन करने के पात्र होंगे।
- पाठ्यक्रम की सामग्री में दी गई जानकारी की सटीकता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। तथापि, इसरो किसी भी ऐसी अप्रमाणित या काल्पनिक जानकारी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा, जो इसरो द्वारा लिखित रूप में अनुमोदित नहीं की गई हो हो या जो इसरो की आधिकारिक वेबसाइट www.isro.gov.in के माध्यम से प्रकाशित न हो।
- संबंधित पक्षकार को अशोभनीय या अभद्र सामग्री / भाषा आदि के प्रयोग से बचना होगा।
- संबंधित पक्षकार को अपनी पाठ्य सामग्री या टीएलएम में केवल इसरो की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित सामग्री / चित्र / वीडियो का ही उपयोग करना होगा।
- इसरो उपलब्धता के अनुसार प्रचार या जनजागरूकता सामग्री प्रदान करेगा। संबंधित पक्षकार को यह सामग्री इसरो के निर्धारित कार्यालयों से एकत्रित करने की जिम्मेदारी स्वयं निभानी होगी।
- इसरो विषय की उपलब्धता के अनुसार डिजिटल स्वरूप में अध्ययन सामग्री प्रदान करेगा, जिसका उपयोग संबंधित पक्षकार प्रचार-प्रसार हेतु कर सकेगा।
- इसरो किसी भी ऐसे कार्यक्रम में पंजीकृत पक्षकार के साथ सहयोग कर सकता है, जो विशेष रूप से इसरो द्वारा आयोजित किया जाएगा।

4. पंजीकरण को रद्द करना

नियमों और शर्तों का कोई भी उल्लंघन पंजीकरण रद्द किए जाने का कारण बन सकता है और इस संबंध में किसी प्रकार का आगे पत्राचार नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी पंजीकरण निरस्तीकरण की जानकारी इसरो की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

विवरण प्रस्तुत करने हेतु प्रारूप

क्र. सं.	विवरण	विस्तृत विवरण
1.	पक्षकार का नाम	
2.	पक्षकार के परिसर का पता ईमेल: संपर्क मोबाइल: लैंडलाइन:	
3	जुड़नेवाले की प्रकृति	एनजीओ / शैक्षणिक संस्था / अन्य
3.	पूर्व में संचालित कार्यक्रम (अलग शीट संलग्न की जा सकती हैं)	
4.	इसरो के साथ जुड़ने की प्रस्तावित योजना	